हरिभूमि

# धमतरी भूमि

रायपुर, शनिवार 28 फरवरी 2026


[ कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड ]


तापमान

अधिकतम 33 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री


13 थोक व्यापारियों की मूल्य नीति पर सवाल, बढ़े दाम से छोटे...


14 राख और गुलाल उड़ाते भगवान शिव की भक्ति में...




## खबर संक्षेप

### परिक्षेत्र साहू समाज कोर्रा की मासिक बैठक आज

**कोर्रा(भखारा)।** परिक्षेत्र साहू समाज कोर्रा में आज शनिवार को मासिक बैठक का आयोजन किया जा रहा है। यह बैठक परिक्षेत्र पदाधिकारी एवं ग्रामीण अध्यक्षों की उपस्थिति में होली मिलन समारोह एवं मां कर्मा जयंती उत्सव मनाने के संदर्भ में रखी गई है। यह जानकारी अध्यक्ष नरेंद्र साहू ने दी।

### जिले में टाटा संपन्न फाइन बेसन के एक बैच पर प्रतिबंध

**धमतरी।** खाद्य सुरक्षा को लेकर जिला प्रशासन ने सख्त कदम उठाते हुए टाटा द्वारा निर्मित टाटा संपन्न फाइन बेसन के एक बैच को असुरक्षित घोषित कर दिया है। इसके साथ ही जिले में उक्त उत्पाद के विक्रय, वितरण एवं भंडारण पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया गया है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा संकलित नमूने की प्रयोगशाला जांच में 500 ग्राम पैक, बैच क्रमांक जीव्ही 5 एच 0844 डी1 (पैकिंग तिथि 08 अगस्त 2025, अवसान तिथि 07 मार्च 2026) को गुणवत्ता मानकों पर खरा नहीं पाया गया। जांच रिपोर्ट प्राप्त होते ही मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई की। खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के तहत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए खाद्य एवं औषधि प्रशासन के अभिहित अधिकारी द्वारा आदेश जारी कर धमतरी जिले की सीमाओं में संबंधित बैच पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। विनिर्माता कंपनी को पहले ही उत्पाद रिकॉल के निर्देश दिए जा चुके हैं।

### संशोधित गाइडलाइन जारी होने के बाद पंजीयन कार्यालय में रौनक बढ़ी

# जमीन की दर 300% बढ़ने के बाद अब 40% घटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

फरवरी माह में संपत्तियों की नई संशोधित गाइडलाइन दर प्रभावशील हो गई है। इसी के साथ उपपंजीयक कार्यालय में रौनक आ गई है। पंजीयक कार्यालय में रोजाना दर्जनों जमींदार और खरीदार पंजीयन कराने कार्यालय पहुंच रहे हैं हालांकि गाइडलाइन दर में अप्रत्याशित वृद्धि से खरीदारों के पांव तले जमीन खिसक गई है।

उल्लेखनीय है कि पिछले पांच साल तक जमीन के भाव यथावत रहने के बाद 20 नवम्बर 2025 को जमीन कारोबारियों की नींद उड़ गई। गाइडलाइन दर में कई गुना वृद्धि हो गई। जमीन कारोबारी गांधी मैदान में जमीन के भाव में अप्रत्याशित वृद्धि के खिलाफ आंदोलन में उतर गए। जमीन की रजिस्ट्री प्रभावित हो गई। केन्द्रीय मूल्यांकन बोर्ड द्वारा अनुमोदित नई गाइडलाइन दर 4 फरवरी 2026 को प्रभावशील हो गई है। नई दर में 40 से 50 फीसदी दाम घटने से जमीन पंजीयन का सिलसिला जारी है।

पंजीयक कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार नवम्बर माह से पहले गोकुलपुर रूद्री रोड में जमीन का दाम 7000 रूपये प्रति वर्गमीटर था। इस रोड से 20 मीटर अंदर की जमीन का भाव 3600 रूपये प्रतिवर्ग मीटर था। 20 नवम्बर को इसके दाम में अप्रत्याशित वृद्धि हुई। इस रोड से लगी जमीन का भाव 20 हजार रूपये वर्गमीटर तथा 20 मीटर अंदर की जमीन की दर 12 हजार रूपये प्रति वर्गमीटर कर दी गई। इसके विरोध के बाद नई संशोधित गाइडलाइन में रोड से लगी जमीन की दर 12000 रूपये प्रति वर्गमीटर तथा 20 मीटर अंदर की जमीन की कीमत 6500 रूपये प्रति वर्गमीटर की गई है। इसी तरह सोरिद, श्यामतराई, अर्जुनी रोड की जमीन पहले 63.51 लाख प्रति हेक्टेयर थी जो बढ़कर 2 करोड़ रूपये प्रति हेक्टेयर हो गई है। अब संशोधित दर 1.10 करोड़ रूपये प्रति हेक्टेयर है। बठेना मुख्य मार्ग के अंदर की जमीन 5400 रूपये प्रति वर्गमीटर थी जिससे बढ़ाकर 10 हजार रूपये प्रति वर्गमीटर की गई। संशोधन के बाद इसका दाम 6500 रूपये किया गया है।



### जनवरी में 21 प्रतिशत कम रजिस्ट्री

गाइडलाइन दर में अप्रत्याशित वृद्धि से जनवरी माह में पिछले साल की तुलना में 21 प्रतिशत कम रजिस्ट्री हुई है। जनवरी 2025 में 590 डाक्यूमेंट में 2.63 करोड़ रूपये की रजिस्ट्री हुई थी। वहीं जनवरी 2026 में 463 डाक्यूमेंट में 2.29 करोड़ रूपये की रजिस्ट्री हुई। पिछले साल की तुलना में 127 रजिस्ट्री कम होने के साथ 33 लाख रूपये के राजस्व में कमी आई है।



### सदर मार्ग की दर गिरी, एनएच की बढ़ी

पूर्व की गाइडलाइन में घड़ी चौक से मठ मंदिर चौक तक मुख्य मार्ग की दर 90800 तथा 20 मीटर अंदर की दर 17200 रूपये प्रति वर्गमीटर थी। नई गाइडलाइन में इसकी दर घटकर 90000 तथा अंदर की दर 17000 रूपये की गई है। जबकि घड़ी चौक से रत्नाबांधा चौक तक 75000 रूपये तथा अंदर की दर 10700 रूपये थी। इसकी दर अब 90000 रूपये तथा अंदर की दर 17000 रूपये निर्धारित की गई है।

## अब थाने में बच्ची को छोड़कर भागी मां

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

बस में बच्चा छोड़े जाने के बाद अब बच्ची को उसकी मां द्वारा थाना में छोड़ जाने की एक और घटना सामने आई है। उल्लेखनीय है कि गुरुवार को रायपुर से धमतरी आ रही बस में एक स्कार्फ पहनी महिला पचपेड़ी में बच्चे के साथ सवार हुई थी। धमतरी के बसस्टैंड पहुंचते महिला बच्चे को सीट में छोड़कर चली गई। घटना की जानकारी कोतवाली पुलिस और बाल संरक्षण समिति को दी गई। पुलिस व चाइल्ड लाइन की टीम ने बच्चे को अपने अधीन में ले लिया है। बच्चा छोड़े जाने की दूसरी घटना भी सामने आई है। एक निर्दयी मां छह माह की मासूम बच्ची को रूद्री थाना में छोड़कर चली गई है। पुलिसकर्मियों ने बच्ची को सुरक्षित रख इसकी सूचना चाइल्डलाइन को दी। टीम मौके पर पहुंची और बच्ची को अपने अधीन में ले लिया। फिलहाल दोनों बच्चों को कांकेर की दत्तक ग्रहण एजेंसी में सुरक्षित रखा गया है। एक माह की दावा आपत्ति की अवधि दी गई है। यदि इस दौरान परिजन सामने नहीं आते तो विधिक प्रक्रिया के तहत बच्चों को स्वतंत्र घोषित कर उनके बेहतर भविष्य व परवरिश की दिशा में आगे की कार्रवाई की जाएगी। शहर में हो रही इस तरह बच्चा छोड़ने की घटना कई सवाल खड़े कर रही है।



■ बच्चा छोड़ने की यह दूसरी घटना

## दोस्त को छोड़ने गए युवक पर चाकू से हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

अपने दोस्त को उसके गांव छोड़ने गए धमतरी के एक युवक पर तीन अज्ञात लोगों ने चाकू से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया है। घायल का जिला अस्पताल में उपचार जारी है।

पुलिस व घायल के अनुसार स्थानीय जालमपुर वार्ड नंदी चौक निवासी लक्की ढीमर पिता बिसालिक उम्र 23 वर्ष को गुरुवार की शाम को बाइक से अपने दोस्त प्रभाकर को उसके घर छोड़ने ग्राम कोसमर्रा गया था। उसे गांव के तालाब के पास छोड़ा। उसके बाद प्रभाकर अपने घर चला गया। दोस्त के जाने के बाद लक्की उसी तालाब में उतरकर हाथ मुंह धो रहा था। इसी दौरान शराब के नशे में धुत ग्राम कोसमर्रा निवासी जयंत बंजारे पीछे से पहुंचा और बिना कारण के लक्की को गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी देने लगा। युवक द्वारा मना करने पर जयंत ने अपनी कमर के पास से धारदार नुकीली चाकू


⏵⏵ शेष पेज 13 पर




कोसमर्रा की घटना, घायल का जिला अस्पताल में उपचार जारी

## दो बाइक में आमने-सामने की भिड़ंत, दो युवकों की मौत

■ कुंडेल के पास हुआ दर्दनाक हादसा, दो गंभीर


हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

जिले में सड़क हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा मामला बड़ी करेली चौकी क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कुंडेल के पास चौराभाठा मार्ग का है, जहां दो बाइक में आमने-सामने की जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसा इतना भीषण था कि दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार एक बाइक में सवार चंद्र कुमार ध्रुव निवासी ग्राम राजाडेरा और बेन्दू ध्रुव ग्राम कुंडेल निवासी जा रहे थे। वहीं दूसरी बाइक में दिनेश साहू निवासी ग्राम धौराभाठा और बेन्दूराम ध्रुव ग्राम कुंडेल निवासी सवार थे। गुरुवार की शाम करीब 6:30 बजे ग्राम कुंडेल के पास दोनों बाइक की आमने-सामने टक्कर हो गई।

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि चारों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तत्काल नयापारा अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने दो युवक संदीप साहू व बेन्दू ध्रुव को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल चंद्र कुमार ध्रुव, दिनेश साहू का इलाज जारी है।

बड़ी करेली चौकी प्रभारी राधेश्याम बंजारे ने मीडिया को बताया कि प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार हादसे की मुख्य वजह प्रतीत हो रही है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।






हरिभूमि

कार्यालय कांकेर में भर्ती

पत्रकारिता के क्षेत्र में सुनहरा अवसर

रिक्त पद

सीनियर रिपोर्टर - 01 पद

समाचार लेखन में 3-4 वर्ष का अनुभव अनिवार्य

जूनियर रिपोर्टर - 01 पद

समाचार लेखन में 1-2 वर्ष का अनुभव आवश्यक

संपर्क करें - 7000955574





## खबर संक्षेप

### चोवाराम बने भाजपा किसान मोर्चा भखारा के मंडल अध्यक्ष

**कुरुद।** भारतीय जनता पार्टी ने संगठन को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए चोवाराम गंजीर को किसान मोर्चा का भखारा मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया है। उनकी इस नियुक्ति पर क्षेत्र के कार्यकर्ताओं में उत्साह है।



अपनी नई जिम्मेदारी पर बोलते हुए चोवाराम गंजीर ने शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि वे पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने और किसानों की समस्याओं के निराकरण के लिए पूरी निष्ठा से काम करेंगे। स्थानीय नेताओं ने उम्मीद जताई है कि उनके नेतृत्व में संगठन और अधिक सशक्त होगा।

### नोमेश का उन्नत प्रशिक्षण कार्यक्रम में चयन

**नगरी।** शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी की प्राचार्य डॉ. मनदीप खालसा के मार्गदर्शन एवं प्रो.कौशल नायक के संयोजन में आईआईएम रायपुर और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्रलय द्वारा आयोजित उन्नत प्रशिक्षण कार्यक्रम में उद्यमिता से संबंधित शार्ट टर्म कोर्स के लिये छात्र नोमेश कुमार कक्षा एमएससी बॉटनी चतुर्थ सेमेस्ट का चयन हुआ है।



इस उपलब्धि पर वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. रमेश कुमार देवांगन, डॉ.अश्वनी कुमार ध्रुव, प्रो.हितेशानंद ठाकुर, डॉ.दीपा देवांगन, प्रो. लोकेश्वरी राठिया, प्रो.कौशल नायक, डॉ.कविता, प्रो. लालमन बेरवंश सहित कालेज स्टाफ ने हर्ष जताया है।

### जनकल्याण और विकास को नई गति देने वाला बजट : मौर्यध्वज

**नगरी।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रस्तुत वित्त वर्ष 2026-27 के बजट को जनहितकारी और विकासोन्मुख बताते हुए भाजपा युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष मौर्यध्वज सेन ने इसका स्वागत किया है।



यह बजट राज्य को समृद्धि आत्मनिर्भर और विकसित छत्तीसगढ़ बनाने की दिशा में दूरदर्शी पहल है। समाज के हर वर्ग के कल्याण को केन्द्र में रखा गया है। संकल्प थीम पर आधारित यह बजट केवल योजनाओं की घोषणा तक सीमित नहीं है। बल्कि उन्हें प्राभावी रूप से धरातल पर लागू करने की स्पष्ट प्रतिबद्धता दर्शाता है। बजट में किसानों, महिलाओं, युवाओं, गरीबों और वंचित वर्गों के उत्थान को प्राथमिकता दी गई है।

## निधन

### चंपेश्वर साहू

**कोर्रा(भखारा)।** ग्राम अमलीडीह निवासी चंपेश्वर साहू 30 वर्ष का 26 फरवरी गुरुवार को आकस्मिक निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा में स्वजन एवं समाजजन उपस्थित हुए। वे पन्नालाल साहू के



(आदेश 05 नियम 20 सी.पी.सी. के अंतर्गत)
**न्यायालय श्रीमान प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी धमतरी, जिला-धमतरी (छ.ग.)**
**(पीठासीन अधिकारी:-श्रीमती तनुश्री गवेल)**

अंकित कुमार लाठ ...वादी/आवेदक
// बनाम //
वन मंडलाधिकारी वगै. ...प्रतिवादीगण/अनावेदकगण
प्रोसेस क्र.-66/2026
प्र.क्र.-3/2026
पेशी तारीख-16.04.2026

// ईश्तहार //

यह सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि स्व. श्याम सुंदर लाठ की मृत्यु दिनांक 18.08.2024 को हो चुकी है तथा श्याम सुंदर लाठ द्वारा आरा मिल जयश्री टिम्बर कंपनी पंजीयन क्रमांक 37, स्थित सिहावा रोड, धमतरी (छ.ग.) का संचालन किया जाता रहा है चूंकि वर्तमान में श्याम सुंदर लाठ की मृत्यु हो चुकी है इसलिए आवेदक/वादी ने अनुज्ञप्ति के नामांतरण/उत्तराधिकार प्रमाण पत्र के संबंध में न्यायालय में वाद प्रस्तुत किया गया है।

स्व. श्याम सुंदर लाठ के पश्चात उनके वैध उत्तराधिकारी के रूप में उनके पुत्र (वादी) द्वारा उक्त आरा मिल की अनुज्ञप्ति अपने नाम पर नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः यदि किसी व्यक्ति/संस्था को उक्त संपत्ति/अनुज्ञप्ति के सबंध में कोई आपत्ति/ दावा हो तो वह इस ईश्तहार के प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के भीतर सक्षम न्यायालय जिला धमतरी (छ.ग.) के समक्ष अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त किसी भी दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।

आज दिनांक 26/02/2026 को न्यायालय के मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

दिनांक :

(श्रीमती तनुश्री गवेल)
न्यायालय श्रीमान प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी धमतरी, जिला-धमतरी (छ.ग.)

## कलेक्टर ने नाव से किया दुर्गम इलाकों का निरीक्षण, विकास कार्यों के लिए दिए निर्देश

# गंगरेल बांध के सुदूर क्षेत्र पर्यटन के मानचित्र पर उभरेंगे : अबिनाश

**तुमराबाहरा को "मछुआरा गांव" थीम पर विकसित कर स्थानीय रोजगार सृजन पर जोर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



जिले की प्राकृतिक संपदा और जल संसाधनों से समृद्ध गंगरेल बांध के आसपास स्थित सुदूर एवं कम चर्चित क्षेत्रों को पर्यटन की मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में जिला प्रशासन ने ठोस पहल प्रारंभ कर दी है। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने नाव के माध्यम से डुबान क्षेत्र एवं दुर्गम ग्रामों का स्थल निरीक्षण कर वहां उपलब्ध प्राकृतिक, सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक संभावनाओं का प्रत्यक्ष अवलोकन किया तथा पर्यटन विकास के लिए आवश्यक कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत गजेंद्र सिंह ठाकुर, सीईओ जनपद पंचायत श्रीमती वर्षा रानी, एपीओ जिला पंचायत मनरेगा धरम सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

कलेक्टर श्री मिश्रा डुबान क्षेत्र के सटियारा ग्राम पहुंचे, जहां राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की स्मृति में निर्मित गांधी मंदिर का अवलोकन किया। उन्होंने मंदिर परिसर में सामुदायिक भवन, संपर्क सड़क, प्रकाश व्यवस्था एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं के विकास हेतु प्रस्ताव तैयार कर शीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने सटियारा को ग्रामीण पर्यटन मॉडल के रूप में विकसित करने की संभावनाओं पर भी चर्चा की। उन्होंने कुछ तस्वीरें मोबाइल में कैद की। इसके बाद कलेक्टर तुमराबाहरा ग्राम पहुंचे। यहां की अधिकांश आबादी मत्स्याखेट एवं मछली विक्रय पर निर्भर है। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि इस ग्राम को मछुआरा गांव की थीम पर विकसित किया जाए।

### ऐतिहासिक धरोहरों का अद्वितीय संगम

कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि गंगरेल बांध क्षेत्र में प्राकृतिक सौंदर्य, जल पर्यटन, ग्रामीण संस्कृति एवं ऐतिहासिक धरोहरों का अद्वितीय संगम है। उन्होंने संबंधित विभागों को आपसी समन्वय से विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन तैयार कर राज्य शासन को प्रेषित करने के निर्देश दिए।

### राम टेकरी का किया निरीक्षण



कलेक्टर ने इसके बाद राम टेकरी का निरीक्षण किया। यहां उपलब्ध प्राचीन शिलाचित्रों एवं अवशेषों का अवलोकन करते हुए इसे संरक्षित कर पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऐसे स्थल धार्मिक एवं सांस्कृतिक पर्यटन की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

# धान का अवैध परिवहन करते ट्रक पकड़ाया

**जांच के दौरान अधिकारियों ने लगभग 120 क्विंटल धान जब्त किया**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

बुधवार की रात्रि में ग्राम बोराई स्थित वनोपज नाका चेक पोस्ट पर बिना वैध दस्तावेज के धान का अवैध परिवहन करते एक ट्रक को पकड़ा गया। जांच के दौरान ट्रक में लगभग 120 क्विंटल (करीब 300 कट्टा) धान पाया गया।

मौके पर राजस्व विभाग, खाद्य विभाग एवं मंडी विभाग के अधिकारियों ने तत्काल कार्रवाई करते हुए धान को जब्त किया। जांच में दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने पर संबंधित ट्रेडर्स के संचालक कुन्नू नायक निवासी उमरकोट (ओडिशा) के विरुद्ध छत्तीसगढ़ कृषि उपज मंडी अधिनियम 1972 के तहत कार्रवाई की गई।

अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि बिना वैध दस्तावेज कृषि उपज का परिवहन करना नियमों का उल्लंघन है। इस प्रकार की अवैध गतिविधियों पर सख्त निगरानी रखी जा रही है। भविष्य में भी इस तरह की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

# महापौर ने किया अधारी नवागांव में हाईस्कूल भवन का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



अधारी नवागांव वार्ड स्थित शासकीय माध्यमिक शाला परिसर में नवनिर्मित शासकीय हाईस्कूल भवन का लोकार्पण एवं वार्षिक उत्सव समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर रामू रोहरा रहे। अध्यक्षता वार्ड पार्षद तल्लीनपुरी गोस्वामी ने की। महापौर ने फीता काटकर व शिलापट्ट का अनावरण कर भवन का लोकार्पण किया।

अपने संबोधन में महापौर रामू रोहरा ने कहा कि शिक्षा समाज और राष्ट्र निर्माण की मजबूत नींव है। आधुनिक सुविधाओं से युक्त नया भवन विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण देगा और उनके उज्ज्वल भविष्य का मार्ग प्रशस्त करेगा।

वार्षिक उत्सव में छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीत, समूह नृत्य व नाटक की शानदार प्रस्तुतियां दीं। मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कक्षा आठवीं के छात्र चंद्रहास कुंजाम द्वारा महापौर का पेंसिल से बनाया गया हूबहू चित्र आकर्षण का केंद्र रहा।

समारोह में प्रधानपाठक खुमान सिंग पाठक, शिखा श्रीवास्तव, कमलकिशोर साहू, मीनाक्षी वर्मा, विद्या शर्मा, विकास सिन्हा, अनुपकुमार साहू, देवेन्द्र कुमार सिन्हा, मीरा बघेल, सोनारिन ध्रुव, बठेना स्कूल के प्राचार्य आरके साहू, डीएन साहू, आरपी सिन्हा, अविनाश साहू, दयाशंकर श्रीवास्तव समेत बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, शिक्षक, अभिभावक व वार्डवासी उपस्थित थे।

# होली से पहले निकाय अधिकारी-कर्मचारियों को मिलेगा वेतन

**संघ ने उपमुख्यमंत्री अरुण साव का जताया आभार**

**धमतरी।** होली पर्व से पहले नगर पालिक निगम धमतरी के अधिकारी-कर्मचारियों को वेतन का भुगतान किया जायेगा। इससे कर्मचारियों में हर्ष और संतोष का माहौल है। अधिकारी-कर्मचारी कल्याण संघ छत्तीसगढ़ (नगरीय निकाय) ने इस सराहनीय निर्णय के लिए महापौर के प्रति आभार व्यक्त किया है।

संघ द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि होली जैसे प्रमुख त्योहार के ठीक पहले वेतन की राशि जारी होना कर्मचारियों एवं उनके परिवारों के लिए किसी उपहार से कम नहीं है। इससे न केवल आर्थिक रूप से राहत मिली है, बल्कि कर्मचारियों का मनोबल भी बढ़ा है। संघ ने इस निर्णय के लिए उपमुख्यमंत्री अरुण साव का आभार व्यक्त किया है।

संघ के संरक्षक पीसी सार्वा, सलाहकार महेन्द्र सिंह जगत, अध्यक्ष मंगलूराम निर्मलकर, कार्यवाहक अध्यक्ष रोशन लोंढे, उपाध्यक्ष संजय गुप्ता, नितिन बनवासी, प्रदेश महामंत्री तरुण गजेन्द्र सहित अन्य पदाधिकारियों ने कहा कि समय पर वेतन भुगतान से प्रशासन और कर्मचारियों के बीच विश्वास और बेहतर हुआ है। संघ ने कहा कि फरवरी माह का वेतन होली पर्व से पूर्व दिए जाने से कर्मचारियों में प्रसन्नता है। इसके लिए संघ ने महापौर का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार के सहयोग की अपेक्षा जताई है।

# शिविर में हितग्राहियों के दस्तावेज हुए अपडेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



बांसपारा वार्ड एवं सदर दक्षिण वार्ड में शिविर लगाकर पेंशनधारियों का बैंक खाता, आधार कार्ड, मोबाइल नम्बर अपडेट किया गया। अब तक 27 वार्डों के लिए 13 स्थानों पर शिविर का आयोजन किया जा चुका है। शिविर का यह सिलसिला 9 मार्च तक चलेगा। छोटी-छोटी समस्याओं के चलते सामाजिक सुरक्षा, वृद्धावस्था, सुखद सहारा, विधवा, दिव्यांग पेंशन के कई हितग्राहियों तक पेंशन नहीं पहुंच पा रही है। किसी के खाता नम्बर में त्रुटि है तो किसी के आधार कार्ड में। मोबाइल नम्बर अपडेट नहीं होने पर भी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इन समस्याओं को देखते हुए नगर निगम द्वारा शहर के सभी 40 वार्ड के पेंशनधारियों के लिए शिविर का आयोजन किया रहा है। गुरुवार को बांसपारा वार्ड एवं सदर दक्षिण वार्ड में शिविर लगाकर हितग्राहियों के दस्तावेज अपडेट किए गए।

### एकलव्य विद्यालयों में प्रवेश के लिए परीक्षा 1 मार्च को

**धमतरी।** शैक्षणिक सत्र 2026-27 में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए 1 मार्च को प्रवेश परीक्षा का आयोजन सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक किया जाएगा। सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि धमतरी में पांच परीक्षा केन्द्र मेनोनाईट हिन्दी हायर सेकेण्डरी स्कूल धमतरी, मॉडल इंग्लिश हायर सेकेण्डरी स्कूल सोरिद नगर धमतरी, शासकीय नारायण राव मेघावाले कन्या महाविद्यालय, सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आमातालाब और सर्वोदय इंग्लिश हायर सेकेण्डरी स्कूल बनाए गए हैं।

# कुकरेल में कोया पूनेम गोंडी गाथा का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुकरेल(धमतरी)




गोंडवाना भवन कुकरेल में आदिवासी ध्रुव गोंड समाज परिक्षेत्र कुकरेल के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय कोया पूनेम गोंडी गाथा का शुभारंभ हुआ। आयोजन में कुकरेल सहित आसपास के क्षेत्र से आदिवासी समाजजन उपस्थित थे।

प्रथम दिवस मध्यप्रदेश से पहुंचे प्रवाचक शंकरशाह इरपाची ने गोंडवाना की उत्पत्ति पर प्रवचन दिया। उन्होंने कथा के माध्यम से गोंडी धर्म, संस्कृति, रीति-रिवाज और परंपराओं की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि को सरल व प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। उनके ओजस्वी विचारों ने समाज को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़े रहने का प्रेरक संदेश दिया।

कार्यक्रम में महिलाओं की बड़ी भागीदारी देखने को मिली, वहीं युवाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में सांस्कृतिक चेतना का परिचय दिया। मौके पर परिक्षेत्र अध्यक्ष गजानंद मरकाम, सचिव विनोद मरकाम, कोषाध्यक्ष भगवान सिंह नेताम, संरक्षक अश्विनी ठाकुर, गोवर्धन मंडावी, श्यामलाल कोर्राम सहित अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे।

# सैन्य बलों में चयनित युवाओं का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भखारा



नगर पंचायत भखारा में संचालित फ्रीडम फिजिकल ट्रेनिंग एकेडमी में टवेंद्र कुमार ( बीएसएफ), दुष्यंत कुमार (बीएसएफ), कुलदीप (सीआरपीएफ), तोरणलाल (सीआरपीएफ) को सम्मानित किया गया। इन युवाओं के चयन से क्षेत्र में सैन्य सेवाओं हेतु उत्साह और देशभक्ति की भावना प्रेरित हुई है।

एकेडमी के प्रशिक्षक समीर गौर ने बताया कि उनकी एकेडमी द्वारा विगत 6 वर्षों से निरंतर युवाओं को खेल एवं सैन्य बलों में भर्ती हेतु प्रशिक्षण दिया जा रहा है। नपं भखारा के उपाध्यक्ष विष्णु साहू ने कहा कि मोबाइल गेमिंग और दुर्व्यसन जैसी महामारी के बीच भी इन युवाओं की मेहनत और अनुशासन प्रशंसनीय है।

मौके पर कमलेश चंदेल, दानेश्वर साहू भूतपूर्व सैनिक, एलके साहू पूर्व सैनिक एवं ट्रेनर फ्रीडम एकेडमी रुद्री उपस्थित थे।

# शराब बेचते पाए जाने पर लगेगा दस हजार जुर्माना

- गांव को नशामुक्त बनाने पचपेड़ी के ग्रामीणों ने की अनूठी पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंवरी



समाज में बढ़ते नशे की प्रवृत्ति को देखते हुए ग्राम पंचायत पचपेड़ी ने नशा मुक्त गांव बनाने की दिशा में सराहनीय पहल की है। वर्तमान समय में नशे की लत से बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी वर्ग प्रभावित हो रहे हैं, जिससे परिवारों में तनाव, आर्थिक समस्या और सामाजिक अशांति बढ़ रही है। इसी गंभीर स्थिति को ध्यान में रखते हुए ग्राम पंचायत एवं ग्राम विकास समिति ने बैठक आयोजित कर महत्वपूर्ण निर्णय लिए।

बैठक में सर्वसम्मति से तय किया गया कि गांव में शराब का वितरण पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। यदि कोई व्यक्ति शराब बेचते पकड़ा जाता है तो उस पर 10,000 रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। सार्वजनिक स्थल पर शराब पीते या पिलाते पाए जाने पर 5,000 रुपये का दंड निर्धारित किया गया है। साथ ही सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम गोपनीय रखते हुए 2,000 रुपये का इनाम देने की घोषणा की गई है।

ग्रामवासियों को मुनादी कर सूचित किया गया कि अभिभावक अपने बच्चों को शाम 7 बजे के बाद घर से बाहर न निकलने दें। गांव में गाली-गलौज, मारपीट या शांति भंग करने की स्थिति में तत्काल थाने में सूचना दी जाएगी। ग्राम पंचायत की इस पहल की क्षेत्र में व्यापक सराहना हो रही है।

## किसानों ने शासन-प्रशासन से की राहत राशि दिलाने की मांग

# खराब मौसम से रबी फसल में कीट प्रकोप बढ़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी



नगरी विकासखंड में हाल ही में मौसम के अचानक खराब होने से रबी फसल को भारी नुकसान पहुंचा है। असमय वर्षा, बादल छाए रहने और मौसम में लगातार बदलाव के कारण दलहन, तिलहन, गेहूं, चना सहित अन्य फसलें प्रभावित हुई हैं। इससे क्षेत्र के किसानों के चेहर पर चिंता साफ झलक रही है।

नगरी क्षेत्र के किसान महेश नेताम, रामलाल एवं हरिराम ने बताया कि इस वर्ष उन्होंने कड़ी मेहनत और अधिक लागत लगाकर खेती की थी। विशेष रूप से सौर ऊर्जा के माध्यम से सिंचाई कर दलहन, तिलहन, गेहूं और चने की बुवाई की है। उन्हें अच्छी पैदावार की उम्मीद थी लेकिन मौसम की मार ने उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। कई खेतों में फसल झुलस गई है वहीं कुछ स्थानों पर जलभराव से उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। इसके साथ ही बदलते मौसम के कारण खेतों में कीट प्रकोप भी तेजी से बढ़ गया है, जिससे किसानों को बार-बार महंगी दवाइयों का छिड़काव करना पड़ रहा है। इससे लागत और बढ़ गई है।

किसानों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि प्रभावित क्षेत्रों का शीघ्र सर्वे कराया जाए, वास्तविक नुकसान का आकलन कर उचित राहत राशि प्रदान की जाए, ताकि उन्हें आर्थिक संबल मिल सके।

# बजट में कैशलेस चिकित्सा सुविधा का स्वागत, लंबित मांगों पर जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी




छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने राज्य सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट में शासकीय कर्मचारियों के लिए ई-हेल्थ कार्ड के माध्यम से कैशलेस चिकित्सा सुविधा हेतु 100 करोड़ रुपये के प्रावधान का स्वागत किया है। फेडरेशन के ब्लॉक संयोजक डोमार सिंह ध्रुव ने कहा कि इस व्यवस्था के लागू होने से कर्मचारियों और अधिकारियों को इलाज के दौरान तत्काल भुगतान की समस्या से राहत मिलेगी। चिन्हित अस्पतालों में पारदर्शी और सरल उपचार की सुविधा मिलने से आपातकालीन परिस्थितियों में आर्थिक बोझ कम होगा और बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित होंगी।

फेडरेशन ने इसे कर्मचारी हित में एक महत्वपूर्ण निर्णय बताया, लेकिन साथ ही बजट में लंबित मांगों की अनदेखी पर निराशा भी व्यक्त की। महंगाई भत्ता एरियर्स, वेतन विसंगति का निराकरण, क्रमोन्नत चार स्तरीय वेतनमान, एलबी संवर्ग की पूर्व सेवा गणना के आधार पर पेंशन निर्धारण और नियमितीकरण सहित अन्य मांगों पर कोई स्पष्ट प्रावधान नहीं किया गया है। इससे कर्मचारी वर्ग में असंतोष व्याप्त है।

फेडरेशन पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री और वित्त मंत्री के प्रति आभार जताते हुए शेष मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय की अपेक्षा की है।

## खबर संक्षेप

### ग्रामीण विकास को गति देने वाला बजट : त्रिलोचन



**सिर्री।** छग शासन द्वारा विधानसभा में पेश किए गए आम बजट का जनपद सदस्य प्रतिनिधि त्रिलोचन साहू ने स्वागत करते हुए इसे ऐतिहासिक और विकासोन्मुखी बजट करार दिया है। श्री साहू ने बजट की सराहना करते हुए कहा कि राज्य सरकार का यह बजट गांव, गरीब, किसान, युवा, महिलाओं और समाज की अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। यह सर्वस्पर्शी और समावेशी बजट प्रदेश के सर्वांगीण विकास का नया मार्ग प्रशस्त करेगा। 3 करोड़ 10 लाख की लागत से धूमा से दर्रा मार्ग के परसाही नाला पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण एवं 5 करोड़ 60 लाख की लागत से कठौली-धूमा-परसठ्ठी-दर्रा खर्रा-फुसेरा ठेठा- कुल्हाड़ी- बिरेझर मार्ग लंबाई 13.04 किमी. का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य सम्मिलित है। विकास कार्यों के लिए श्री साहू ने कुरूद विधानसभा के विधायक अजय चंद्राकर का आभार व्यक्त किया है।

### कालेज की परीक्षा 7 मार्च से, प्रवेश पत्र वितरण शुरू

**जीजामगांव।** स्थानीय दाऊ कल्याण सिंह सोनवानी महाविद्यालय जीजामगांव में अध्ययनरत बीए, बीकाम और बीएससी भाग तीन के नियमित छात्रों को वार्षिक परीक्षा का प्रवेश पत्र वितरित किया जा रहा है। नियमित छात्र अनापत्ति प्रमाण पत्र जमा कर प्रातः 10:30 से 3 बजे तक प्रवेश पत्र कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं। अमहाविद्यालयीन, भूतपूर्व एवं पूरक प्राप्त छात्र पीटीआर एसयू रायपुर की वेबसाइट से यूजर आईडी एवं पासवर्ड से प्रवेश पत्र निकाल सकते हैं। विदित हो कि इस वर्ष बीए, बीकाम और बीएससी की वार्षिक परीक्षा 7 मार्च से प्रातः 8 से 11 बजे तक होगी।

### गातापार में कृष्ण लीला देखने उमड़े ग्रामीण

**सिर्री।** ग्राम गातापार (आ) में आदर्श श्री बाल कृष्ण लीला मंडली खड़ौदा खुर्द कबीरधाम की मंडली का प्रेरणाप्रद और मनोरंजन पूर्ण प्रस्तुतिकरण किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन संयोजक कुलेश्वर साहू ,कार्यकारिणी प्रदेश अध्यक्ष मानव सुरक्षा एवं भ्रष्टाचार विरोधी मिशन छत्तीसगढ़, सह संयोजक ओमप्रकाश साहू एवं फतीश साहू ने किया। संचालन मंशाराम गंधर्व द्वारा किया गया। प्रथम दिवस पूजा-अर्चना कर देव स्तुति के साथ प्रारंभ हुआ और यह पड़ाव अंतिम रूप में होली मिलन के साथ संपन्न हुआ।

## निधन

### जीवराखन साहू



**मगरलोड।** ग्राम पठार निवासी जीवराखन साहू उम्र 75 वर्ष का निधन 25 फरवरी बुधवार को निधन हो गया। वे सातो बाई साहू के पति, तोरण सिंग, प्रताप सिंग, प्यारेलाल, कुंजन लाल के पिता थे। उनके अंतिम संस्कार में सामाजिकजन एवं ग्रामवासी शामिल हुए।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### दोस्त को छोड़ने गए युवक पर चाकू से हमला

निकालकर लक्की के पेट में हमला कर दिया। उसकी पीठ पर भी वार किया। चाकू के हमले से युवक लहूलुहान हो गया। घायल युवक ने संजीवनी 108 को फोन कर मौके पर बुलाया। एंबुलेंस की मदद से घायल युवक जिला अस्पताल पहुंचा। प्राथमिक उपचार के बाद घायल को वार्ड में भर्ती कर इलाज किया जा रहा है। परिजनों की शिकायत पर भखारा पुलिस आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना में जुट गई है।

---

खुलेआम जर्दा पाऊच बेचा जा रहा, अभी तक नगरी अंचल में एक भी कार्रवाई नहीं

# थोक व्यापारियों की मूल्य नीति पर सवाल बढ़े दाम से छोटे दुकानदारों में रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

नगरी विकासखंड के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में गुटखा एवं अन्य तंबाकू उत्पादों की बढ़ी हुई कीमत को लेकर छोटे व्यापारियों में असंतोष देखा जा रहा है। स्थानीय दुकानदारों ने बताया कि थोक स्तर पर अलग-अलग दर पर माल उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे खुदरा बाजार में असमान मूल्य की स्थिति बन रही है। कुछ व्यापारियों का कहना है कि निर्धारित मुद्रित मूल्य (एमआरपी) के आसपास या उससे अधिक दर पर माल दिया जा रहा है। दुकानदारों के अनुसार माल महंगे दाम पर मिलने से हमें भी उसी अनुपात में बेचना पड़ रहा है, जिससे ग्राहकों के साथ अनावश्यक बहस हो जाती है और हमारी साख प्रभावित होती है।



**स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव**

स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार तंबाकू सेवन शरीर के लगभग हर अंग पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है। इससे मुंह, गले और फेफड़ों के कैंसर सहित हृदय रोग, उच्च रक्तचाप और स्ट्रोक जैसी गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ता है। दंत एवं मसूड़ों की समस्याएं भी आम हैं। गर्भवती महिलाओं और बच्चों पर इसका विशेष रूप से नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

**मूल्य सूची की जांच की मांग**

छोटे व्यापारियों ने प्रशासन से अनुरोध किया है कि थोक विक्रेताओं की मूल्य सूची एवं आपूर्ति प्रक्रिया की जांच कर बाजार में पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए। उनका कहना है कि यदि सभी दुकानों को एक समान दर पर सामग्री उपलब्ध कराई जाए तो अनावश्यक भ्रम और विवाद की स्थिति समाप्त हो सकती है।

**नियमित निरीक्षण अभियान चलाएं**

स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों ने मांग की है कि मूल्य नियंत्रण एवं तंबाकू नियंत्रण कानून के प्रभावी पालन हेतु नियमित निरीक्षण अभियान चलाया जाए, ताकि बाजार व्यवस्था संतुलित रहे और आम जनता व छोटे व्यापारियों को राहत मिल सके।

**कोटपा एक्ट के पालन पर भी सवाल :** क्षेत्र में चल रहे अभियान के बीच सिगरेट एवं गुटखा (कोटपा एक्ट 2003) के प्रावधानों के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर भी चर्चा सामने आई है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि स्कूलों, आंगनबाड़ियों और सार्वजनिक स्थलों के 100 मीटर के दायरे में तंबाकू उत्पादों की बिक्री पर प्रतिबंध के नियमों का कड़ाई से पालन किया जाना चाहिए।

प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार नियमों के उल्लंघन पर संबंधित दुकानदारों को चेतावनी दी गई है तथा भविष्य में सख्त कार्रवाई की बात कही गई है। साथ ही दुकानदारों को वैधानिक चेतावनी बोर्ड प्रदर्शित करने और 18 वर्ष से कम आयु के व्यक्तियों को तंबाकू उत्पाद न बेचने के निर्देश दिए गए हैं।

## मांगों को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिकाओं ने निकाली रैली



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिले की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं की हड़ताल शुक्रवार को भी जारी रही। अपनी विभिन्न लंबित मांगों को लेकर कार्यकर्ता और सहायिकाएं एकजुट होकर सड़क पर उतरीं और गांधी मैदान से रैली निकालकर शहर के प्रमुख मार्गों में भ्रमण किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए अपना आक्रोश जाहिर किया।

रैली में शामिल आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं ने कहा कि उनसे लगातार काम का दायरा बढ़ाया जा रहा है, लेकिन उसके अनुपात में न तो वेतन में बढ़ोतरी की जा रही है और न ही सुविधाएं दी जा रही हैं। उन्होंने मांग की कि उनके कार्य की सीमा स्पष्ट की जाए और वेतन में सम्मानजनक वृद्धि की जाए। साथ ही आगामी बजट में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं के वेतन के लिए बढ़ा हुआ संधारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि उन्हें आर्थिक राहत मिल सके। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि शासन की योजनाओं को जमीनी स्तर पर सफल बनाने में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं की अहम भूमिका है, इसके बावजूद उन्हें उपेक्षित किया जा रहा है। यदि मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। रैली के दौरान शहर में कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित रहा। प्रशासन की ओर से स्थिति पर नजर रखी गई। आंदोलन में बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं शामिल रहीं।

# आगामी बजट जनहितैषी, पारदर्शी एवं विकासोन्मुखी होगा

- महापौर की अध्यक्षता में हुई एमआईसी की बैठक, विभिन्न एजेंडों पर की गई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



नगरपालिक निगम की मेयर-इन-काउंसिल (एमआईसी) की महत्वपूर्ण बैठक महापौर कक्ष में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता महापौर रामू रोहरा ने की। बैठक में शहर के समग्र विकास, आधारभूत संरचना सुदृढ़ीकरण तथा जनसुविधाओं के विस्तार को लेकर चर्चा की गई।

बैठक का मुख्य एजेंडा वित्तीय वर्ष 2026-27 के प्रस्तावित बजट पर विचार-विमर्श रहा। महापौर श्री रोहरा ने कहा कि आगामी बजट पूर्णतः जनहितैषी, पारदर्शी एवं विकासोन्मुखी होगा। प्रत्येक वार्ड की आवश्यकताओं, नागरिकों की अपेक्षाओं तथा दीर्घकालिक विकास दृष्टि को ध्यान में रखते हुए बजट का प्रारूप तैयार किया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि विकास कार्यों की प्राथमिकता तय करते समय मूलभूत सुविधाओं सड़क, नाली, पेयजल, स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाए।

महापौर ने कहा कि नगर निगम की प्रतिबद्धता केवल योजनाएं बनाना नहीं, बल्कि समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित करना है। उन्होंने एमआईसी सदस्यों से अपने-अपने विभागों की कार्ययोजना स्पष्ट रूप से प्रस्तुत करने और आगामी वित्तीय वर्ष में ठोस परिणाम देने का आह्वान किया। बैठक में एमआईसी सदस्य नीलेश लुनिया (स्वास्थ्य एवं चिकित्सा), विजय मोटवानी (आवास, पर्यावरण एवं लोक निर्माण), अखिलेश सोनकर (जल कार्य), श्यामलाल नेताम (राजस्व एवं बाजार), नरेन्द्र रोहरा (पुनर्वास एवं नियोजन), विभा चन्द्रकार (शिक्षा, महिला एवं बाल विकास), हिमानी साहू (विधि एवं सामान्य प्रशासन), युगल किशोर यादव (खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति) ने अपने-अपने विभागों से संबंधित प्रस्तावों पर विचार रखे।

बैठक में निगम आयुक्त प्रिया गोयल, उपायुक्त पीसी सार्वा सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। महापौर रामू रोहरा ने विश्वास व्यक्त किया कि समन्वित प्रयासों और मजबूत नेतृत्व के माध्यम से धमतरी को विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जाएगा तथा नगर निगम जनविश्वास पर पूर्णतः खरा उतरेगा।

# बेलिंग मशीन खरीदी पर घोटाले का आरोप, कांग्रेस पार्षदों ने दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



नगर निगम में बेलिंग मशीन की खरीदी को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। कांग्रेस पार्षदों ने आरोप लगाया है कि निगम द्वारा जारी निविदा की शर्तों को नजरअंदाज कर नियम विरुद्ध तरीके से घटिया मशीन की खरीदी की गई है। इसके विरोध में कांग्रेस पार्षद दल ने गुरुवार को नगर निगम कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन कर मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की।

कांग्रेस पार्षदों का कहना है कि निविदा में डबल सिलेंडर और 10 एचपी मोटर वाली बेलिंग मशीन खरीदे जाने का प्रावधान था, लेकिन निरीक्षण के दौरान पाया गया कि सिंगल सिलेंडर और 7.5 एचपी मोटर वाली मशीन की आपूर्ति की गई है। पार्षदों का आरोप है कि अधिकारियों, सत्तासीन जनप्रतिनिधियों और ठेकेदार की मिलीभगत से जनता के टैक्स के पैसों का दुरुपयोग किया गया।

कांग्रेस पार्षद दल ने बताया कि इस संबंध में 11 फरवरी 2026 को नगर निगम आयुक्त को लिखित शिकायत दी गई थी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। पार्षदों ने मांग की कि पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय एवं निष्पक्ष जांच कर दोषी अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और ठेकेदार पर कार्रवाई की जाए। धरने में नेता प्रतिपक्ष दीपक सोनकर, उपनेता प्रतिपक्ष सत्येंद्र देवांगन सहित कई कांग्रेस पार्षद उपस्थित थे।

**ठेकेदार को नोटिस, जांच के बाद होगी कार्रवाई**

बेलिंग मशीन खरीदी को लेकर उठे विवाद पर महापौर रामू रोहरा ने कहा कि इस मामले में नगर निगम द्वारा पहले ही ठेकेदार को नोटिस जारी किया जा चुका है। नोटिस में स्पष्ट निर्देश है कि मशीन की खरीदी निर्धारित मानक नियमों के अनुरूप ही की जाए। उन्होंने बताया कि निगम स्तर पर मशीन की जांच कराई गई थी, जिसमें पाया गया कि आपूर्ति की गई बेलिंग मशीन मानक तकनीकी शर्तों के अनुरूप नहीं है। ठेकेदार को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। यदि मानक नियमों के विरुद्ध खरीदी या आपूर्ति की गई तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## सहकारी कर्मियों के लिए बजट शून्य : नरेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶पुरी। (धमतरी)



छत्तीसगढ़ शासन द्वारा फरवरी 2026 के बजट सत्र में वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने बजट प्रस्तुत किया, लेकिन सहकारी समिति कर्मचारियों के लिए कोई प्रावधान नहीं किया गया। इस पर छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ रायपुर एवं छत्तीसगढ़ धान खरीदी ऑपरेटर संघ ने नाराजगी जताई है। प्रदेशाध्यक्ष नरेंद्र कुमार साहू ने कहा कि 40-50 वर्षों से गांव, गरीब और किसानों की सेवा करने वाले कर्मचारियों को निराशा हाथ लगी है। कर्मचारियों की चार सूत्रीय मांगों को लेकर 19 दिन आंदोलन चला था, जिसके बाद आश्वासन पर धान खरीदी कार्य किया गया। पिछले वर्षों में धान उठाव में देरी से समितियां घाटे में हैं और बंद होने की कगार पर पहुंच रही हैं। कर्मचारियों को प्रबंधकीय अनुदान और धान सुखद राशि की उम्मीद थी, जो पूरी नहीं हुई।

# शहर में जल्द खुलेगा डॉग शेल्टर हाउस

- नागरिकों को मिलेगी आवारा कुत्तों से राहत, दानीटोला में निर्माण कार्य अंतिम चरण पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



शहर में बढ़ती आवारा कुत्तों की समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में नगर निगम ने एक और मजबूत कदम बढ़ाया है। नगर निगम द्वारा दानीटोला वार्ड में निर्मित डॉग शेल्टर हाउस को शीघ्र ही प्रारंभ किया जायेगा। इस महत्वाकांक्षी परियोजना को नगर निगम के महापौर रामू रोहरा, निगम कमिश्नर प्रिया गोयल, उपायुक्त पीसी सार्वा तथा पार्षदों के समन्वित प्रयास से साकार किया गया है।

नगर निगम अधिकारियों के अनुसार डॉग शेल्टर हाउस का निर्माण लगभग पूर्ण हो चुका है। भवन की गहरी बुनियाद तैयार की जा चुकी है। दीवारों का कार्य अंतिम चरण पर है तथा खिड़की-दरवाजों में सुरक्षा के लिए तार घेरा लगाया जा रहा है। शेल्टर हाउस में कुत्तों के लिए भोजन, स्वच्छ पानी, आरामदायक विश्राम स्थल और उपचार की समुचित व्यवस्था की जा रही है।

यह शेल्टर हाउस विशेष रूप से शहर में घूमने वाले लावारिस एवं घुमंतू कुत्तों के लिए बनाया गया है। इन्हें पकड़कर यहां लाया जाएगा। उनका समुचित रखरखाव किया जाएगा तथा आवश्यकतानुसार चिकित्सा उपचार भी उपलब्ध कराया जाएगा। निगम का उद्देश्य केवल नियंत्रण नहीं, बल्कि मानवीय और वैज्ञानिक तरीके से पशु संरक्षण भी सुनिश्चित करना है। गौरतलब है कि बीते वर्षों में शहर में कुत्तों की संख्या हजारों में पहुंच चुकी है। इस पर अंकुश लगाने के लिए नगर निगम ने पूर्व में नसबंदी कार्यक्रम भी संचालित किया था। लगभग 400 कुत्तों की नसबंदी की गई। अब डॉग शेल्टर हाउस के शुरू होने से यह प्रयास और अधिक प्रभावी होगा।

**कुत्तों से होने वाली घटनाओं पर रोक लगेगी**

डॉग शेल्टर हाउस के शुरू होने से शहर की गलियों और सड़कों पर आवारा कुत्तों की संख्या में निश्चित रूप से कमी आएगी। इससे नागरिकों की सुरक्षा बढ़ेगी और कुत्तों से होने वाली घटनाओं पर रोक लगेगी। जगह के अभाव में यह कार्य पहले संभव नहीं हो पा रहा था, लेकिन अब निरंतर प्रयास से इसे मूर्त रूप दिया गया है।

\- पीसी सार्वा, *निगम उपायुक्त*

# होली पर ओडिशा, महाराष्ट्र के बजेंगे नगाड़े

- नगाड़ों और डफलियों से सजे चौक-चौराहे, महंगाई के बावजूद जमकर हो रही खरीदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



होली का पर्व नजदीक आते ही शहर का बाजार रंग, गुलाल और फाग गीतों की थाप से जीवंत हो उठा है। इस वर्ष होली 2 मार्च को मनाई जाएगी। लिहाजा नगाड़ा और छोटी डफलियों की बिक्री तेज हो गई है। शहर के प्रमुख बाजार क्षेत्र अंबेडकर चौक, रुद्री चौक, रुद्री रोड, रामबाग और घड़ी चौक पर नगाड़ों से सजी दुकानें लोगों को आकर्षित कर रही हैं।

घड़ी चौक के पास नगाड़ा बेच रहे प्रिंस महोबिया, कैलाश नागारची, हेमंत जोशी ने बताया कि वे हर साल होली से पहले नगाड़ों की बिक्री करते हैं और त्योहार आते-आते लगभग पूरा स्टॉक खत्म हो जाता है। लोगों की पसंद के अनुसार अलग-अलग साइज और कीमत के नगाड़े उपलब्ध हैं। इस साल छोटी डफली 100 से 200 रुपये में बिक रही है, जबकि छोटे नगाड़े करीब 1000 रुपये, मीडियम साइज 1500 से 2000 रुपये और बड़े नगाड़े 2500 से 3000 रुपये तक में बिक रहे हैं। व्यापारियों ने बताया कि उनका अधिकांश माल ओडिशा, महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश से आता है, वहीं कुछ सामग्री स्थानीय स्तर पर भी खरीदी जाती है। बाहर से आने वाले सामान की ढुलाई के दौरान टूटफूट की जिम्मेदारी दुकानदारों को उठानी पड़ती है, जिससे कई बार नुकसान भी सहना पड़ता है। महंगाई का असर नगाड़ों की कीमतों पर साफ नजर आ रहा है, फिर भी होली के उत्साह ने बाजार की रौनक बरकरार रखी है।

## राष्ट्रीय अध्यक्ष के शपथ ग्रहण में शामिल होने जिले के युकां कार्यकर्ता रवाना



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) के नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद जाखड़ के शपथ ग्रहण समारोह एवं दिल्ली स्थित राष्ट्रीय कार्यालय में आयोजित संकल्प सभा में सम्मिलित होने के लिए एनएसयूआई जिलाध्यक्ष राजा देवांगन के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं का जत्था दिल्ली रवाना हुआ।

जिलाध्यक्ष श्री देवांगन ने रवानगी के पूर्व कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जाखड़ के नेतृत्व में एनएसयूआई छात्र अधिकारों, संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए एक नए अध्याय की शुरुआत करने जा रही है। आज सुबह 10 बजे5 रायसीना रोड स्थित राष्ट्रीय कार्यालय में आयोजित इस संकल्प सभा के माध्यम से देशभर के युवा एकजुटता का संदेश देंगे।

# उमरदा कोटवार के खिलाफ कलेक्टर से शिकायत

**धमतरी।** कुरूद तहसील के ग्राम पंचायत उमरदा के कोटवार के खिलाफ ग्रामीणों ने कलेक्टर से शिकायत की है। गुरुवार को ग्राम उमरदा के ग्रामीण अयोध्याराम, प्रदीप चंद्राकर, अश्वनी साहू, रामआसरा, रामचंद कंवर, धीरज निर्मलकर, रंजीत पटेल आदि ने कलेक्टर के नाम आवेदन कर कहा है कि उमरदा कोटवार के पद पर दिलीप दास मानिकपुरी पदस्थ हैं, जिसने गांव के सार्वजनिक स्थान साहू सामुदायिक भवन एवं नवसृजन सामुदायिक भवन स्थित खाली जमीन पर अवैध रूप से अतिक्रमण किया है। पंचायत तथा ग्रामीणों के समझाने के बावजूद वह अवैध अतिक्रमण छोड़ने को तैयार नहीं है। कार्य दिवस पर कोटवार शराब पीकर घूमता रहता है। पंचायत एवं अन्य शासकीय कार्यों की मुनादी करने में हमेशा आनाकानी करता है। वह अपने दायित्व का सही तरीके से पालन नहीं करता है। साथ ही गाली-गलौज करता रहता है। ग्रामीणों ने कोटवार पर उचित कार्रवाई करते हुए पदमुक्त कर उसके स्थान पर ग्राम के अन्य व्यक्ति को नियुक्त करने की मांग की है।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**न्यायालय नायब तहसीलदार कुरूद**
**जिला - धमतरी (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

क्रमांक / 212 / ना. तह. / वाचक / 2026
कुरूद, दिनांक 23 /02 /2026

रा.प्र.क्र. . . . . अ-74 / वर्ष 2025-26

ग्राम कठौली तहसील कुरूद, जिला धमतरी छ.ग.

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक मोहम्मद कलाम पिता मोहम्मद कय्यूम निवासी रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. के द्वारा आवेदन पेश किया है कि ग्राम कठौली प.ह.न. 40 में स्थित भूमि ख.न. 2420 रकबा 0.19 हे. भूमि को पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 29.06.2010 को क्रय किया है। उक्त वाद भूमि का प्रमाणिकरण हेतु न्यायालय तहसीलदार कुरूद के सक्षम पेश किया गया जिसका रा.प्र.क्र. 201701131500006/अ-6/2016-17 पारित आदेश दिनांक 10/01/2018 के तहत आवेदक नाम पर प्रमाणिकरण किये जाने का आदेश पारित किया गया है। जिसके विरूद्ध आपत्तिकर्ता द्वारा अपील अनुविभागीय अधिकारी (रा) कुरूद का रा.प्र.क्र. 201811130500004/ 04/अ-6/वर्ष 2018-19 में पारित आदेश दिनांक 31/08/2019 के तहत न्यायालय तहसीलदार के आदेश को स्थिर रखते हुये अपील खारिज किये जाने का लेख कर वाद भूमि को आवेदक के नाम पर दर्ज किये जाने का निवेदन किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई उजर दावा आपत्ति हो तो वह स्वंय या अपने किसी अभिभाषक के माध्यम से नियत तिथि 09/03/2026 के पूर्व प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त उजर दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 23/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

**नायब तहसीलदार,**
**कुरूद**

## खबर संक्षेप

### जनता को निराश करने वाला बजट : उदित



**धमतरी।** छत्तीसगढ़ प्रदेश युवा कांग्रेस सचिव उदित साहू ने कहा कि विष्णुदेव साय सरकार का तीसरा बजट आम जनता की अपेक्षा और उम्मीदों के विपरीत है। यह बजट काल्पनिक है। धरातल पर बिल्कुल शून्य है। श्री साहू ने छत्तीसगढ़ सरकार के बजट को ज्ञान, गति की दुर्गति के बाद संकल्प का नया जुमला करार दिया। उन्होंने कहा कि जनता जुमलों की पतंग काट देगी। रोजगार-शिक्षा-कृषि-महिला सुरक्षा पर खाली, कॉर्पोरेट फायदे वाला और काल्पनिक बताया। श्री साहू ने इसे जनता को निराश करने वाला और जमीनी हकीकत से दूर बताया है। बजट में रोजगार, शिक्षा और कृषि उद्योग को बढ़ावा देने के लिए कुछ नहीं है। उन्होंने वित्त मंत्री पर केंद्रीय योजनाओं का श्रेय लेने का आरोप लगाया।

### कलेक्टर-महापौर के समन्वय से धमतरी को मिली विकास की नई दिशा



**धमतरी।** कलेक्टर के नेतृत्व में जिला प्रशासन और महापौर के समन्वित प्रयास से धमतरी को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने की ठोस पहल शुरू हुई है। राज्य बजट में शहर से जुड़ी महत्वपूर्ण योजनाओं का शामिल होना इसी का परिणाम है। महापौर के प्रयास से रेलवे रेक प्वाइंट प्रस्ताव को गति मिली है, जिससे व्यापार को नया विस्तार मिलने की उम्मीद है। हालांकि रेलवे परियोजनाओं की धीमी प्रगति चिंता का विषय बनी हुई है। छग चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज से जुड़े राजा रोहरा ने शिक्षा, रेलवे और व्यापारिक ढांचे पर दीर्घकालीन रणनीति अपनाने की आवश्यकता बताई। उनका कहना है कि ठोस विज़न के साथ कदम उठाए जाएं तो धमतरी शिक्षा और व्यापार का सशक्त केंद्र बन सकता है।

### प्रत्येक वर्ग के सशक्तिकरण का बजट : शकुंतला



**सिर्री।** प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय सरकार के वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने बजट प्रस्तुत किया। जनपद पंचायत कुरूद सभापति श्रीमती शकुंतला देवांगन ने कहा कि यह प्रदेश को सुशासन से समृद्धि की ओर ले जाने एवं समावेशी विकास के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में एक मजबूत कदम है। यह बजट प्रदेश के समग्र एवं संतुलित विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है। गांव, गरीब, किसान, महिला, युवा एवं श्रमिक वर्ग को केंद्र में रखकर तैयार किया गया है। इस बजट में कृषि एवं ग्रामीण विकास को विशेष प्राथमिकता दी गई है। शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क व महिला सशक्तिकरण पर जोर दिया गया है।

मणिकर्णिका घाट की तर्ज पर रूद्रेश्वर महानदी घाट में मनाई गई रंगभरी एकादशी

# राख और गुलाल उड़ाते भगवान शिव की भक्ति में सराबोर रहे श्रद्धालु









- बछिया के गोबर से बनी भस्म से हुआ भोलेनाथ का अभिषेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

उत्तरप्रदेश के काशी स्थित मणिकर्णिका घाट की परंपरा को साकार करते हुए रूद्रेश्वर महानदी घाट पर 27 फरवरी को रंगभरी एकादशी का आयोजन किया गया। महानदी के तट पर हुए इस आयोजन में राख और गुलाल उड़ाते हुए भगवान शिव की भक्ति में श्रद्धालु सराबोर नजर आए।

कार्यक्रम की जानकारी देते हुए डॉ रोशन उपाध्याय ने बताया कि धार्मिक मान्यता के अनुसार महाशिवरात्रि के बाद भगवान शिव माता पार्वती का गौना कराकर पहली बार काशी पहुंचे थे। उनके आगमन की खुशी में शिवगणों, संतों, भक्तों और वंचित समाज द्वारा फूलों के रंग और चिता की राख से स्वागत किया गया था। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए यह पर्व रंगभरी एकादशी के रूप में मनाया जाने लगा, जो मुख्य होली से चार दिन पूर्व आता है।

समाजसेवी अशोक पवार ने कहा कि रंगभरी एकादशी पूरे विश्व की सबसे अनोखी होली में से एक है। शिव के प्रिय गणों और सेवकों द्वारा फूल, गुलाल और भस्म से होली खेलकर खुशियां मनाई जाती हैं, जो भगवान शिव के प्रति गहरी श्रद्धा को दर्शाती है।

#### शिवभक्ति और परंपरा का अद्भुत संगम

धमतरी में पहली बार हो रहे इस आयोजन का नेतृत्व रूद्रेश्वर मंदिर परिवार, बाबाजी मंदिर परिवार, राजमानस संघ, सर्व हिंदू समाज एवं स्वर्गधाम सेवा समिति द्वारा किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य धार्मिक परंपराओं के साथ समाज में उल्लास और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करना रहा।

#### भस्म, रूद्राभिषेक और फाग गीतों की बिखरी छटा

शाम 5 बजे रूद्राभिषेक, 6 बजे भस्म श्रृंगार, 6.30 बजे महाआरती और 7.30 बजे फाग गीतों का आयोजन हुआ। कुंवारी बछिया के गोबर को जलाकर भस्म तैयार की गई। पलाश, बसंती, बेलपत्र और फूलों से महादेव का विशेष श्रृंगार किया गया। 108 बत्तियों की आरती के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस दौरान सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित थे।

# गौधाम योजना को शीघ्र प्रारंभ करने का आग्रह

- मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मिले गौ सेवा आयोग के जिलाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



छत्तीसगढ़ के नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री कक्ष में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से गौ सेवा आयोग के जिलाध्यक्ष हेमराज सोनी ने सौजन्य भेंट की। इस दौरान उन्होंने पूर्व में घोषित गौठानों को गौधाम में रूपांतरित कर योजना को शीघ्र प्रारंभ करने का आग्रह किया।

श्री सोनी ने बताया कि सरकार द्वारा एक वर्ष पूर्व प्रदेश के सभी जिलों एवं विकासखंडों में गौधाम निर्माण का निर्णय लिया गया था, ताकि सड़कों पर घूमने वाली निराश्रित एवं घुमंतु गायों के साथ पशु तस्करी से मुक्त कराए गए मवेशियों को सुरक्षित आश्रय मिल सके। साथ ही गौमूत्र, गोबर एवं दूध से औषधीय धूपबत्ती, स्वदेशी जैविक खाद एवं अन्य गौ उत्पाद तैयार कर जैविक खेती को बढ़ावा देने की योजना है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में गौधाम संचालन प्रारंभ नहीं होने से सड़कों पर मवेशियों के कारण दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं तथा जन-धन हानि हो रही है। सीमित गौशालाओं के कारण पशुओं के रखरखाव में भी कठिनाई आ रही है। मुख्यमंत्री ने विषय की गंभीरता को समझते हुए गौ सेवा आयोग के प्रदेश अध्यक्ष से चर्चा कर योजना को शीघ्र क्रियान्वित करने का आश्वासन दिया।

# सरपंच पति पर जमीन कब्जाने का गंभीर आरोप



- चरमुड़िया के ग्रामीणों में आक्रोश, प्रशासन से निष्पक्ष जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

राजस्व अनुविभाग कुरुद स्थित ग्राम पंचायत चरमुरिया में जमीन के मालिकाना हक को लेकर शुक्रवार को विवाद की स्थिति निर्मित हो गई। मामला तब सामने आया जब कुरुद के एक व्यवसायी दीपक गांधी अपनी खरीदी हुई जमीन का सीमांकन कराने गांव पहुंचे। इसी दौरान पूर्व जनपद सदस्य वासुदेव चंद्राकर ने खसरा नंबर 435 के आसपास की जमीन पर अपने रिश्तेदार का हक जताते हुए सरपंच पति तेजेंद्र तोड़ेकर पर गंभीर आरोप लगाए।

श्री चंद्राकर का आरोप है कि रिकॉर्ड में हेरफेर करके उक्त जमीन को सरपंच पति ने अपने नाम करवा लिया है। मौके पर मौजूद अन्य ग्रामीणों ने भी सरपंच पति पर इसी तरह जमीन कब्जाने की शिकायत की है, जिससे गांव में भारी हंगामा हो गया। वहीं सरपंच पति तेजेंद्र तोड़ेकर ने इन आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए इन्हें बेबुनियाद करार दिया है। उनका तर्क है कि उन्होंने यह जमीन दो साल पहले पूरी कानूनी प्रक्रिया के साथ खरीदी थी, जिसकी रजिस्ट्री उनके पास है और भुगतान चेक के माध्यम से किया गया है। पीड़ित पक्ष ने अब प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर न्याय दिलाने की मांग की है।

# बजट सत्र में विधायक ओंकार ने 56 सवाल उठाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



- जनहित के मुद्दों पर सरकार को घेरा

ओंकार साहू ने बजट सत्र में कुल 56 महत्वपूर्ण प्रश्न सदन के पटल पर उठाए। उन्होंने विभिन्न विभागों में व्याप्त अनियमितताओं, योजनाओं के क्रियान्वयन, वित्तीय पारदर्शिता, किसानों, युवाओं, दिव्यांगजनों, विद्यार्थियों एवं आम नागरिकों से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से सदन में रखा। विधायक श्री साहू ने महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत दिशा दर्शन दिशा भ्रमण कार्यक्रम, धान उठान में अनियमितता एवं फर्जी रसीद, समाज कल्याण विभाग के छात्रावासों में सामग्री क्रय, फर्जी दिव्यांग प्रमाण-पत्र के आधार पर नौकरी, मजदूरी भुगतान में गड़बड़ी, वन विभाग में स्वीकृत पदों की स्थिति, ओवरलोडिंग व परिवहन अनियमितता, जल जीवन मिशन की जांच, नगर निगमों में डीज़ल उगाही, स्वच्छ भारत मिशन के यूजर चार्ज उपयोग सहित अनेक विषयों पर जवाबदेही सुनिश्चित करने की मांग की।


उन्होंने प्रधानमंत्री जनमन योजना, 2 प्रतिशत टीडीएस कटौती, जेलों में मूलभूत सुविधाएं, कौशल विकास के बाद रोजगार, रायगढ़ भर्ती घोटाले की जांच, एकलव्य विद्यालय शिक्षकों के समायोजन, बीज निगम में बोनस भुगतान, धान बीज उत्पादकों के लंबित भुगतान, दिव्यांगजनों को ऋण वितरण, फॉरेंसिक विभाग की कार्यवाही, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच जैसे विषयों को भी प्रमुखता से उठाया। विधायक श्री साहू ने कहा कि उनका उद्देश्य केवल प्रश्न पूछना नहीं, बल्कि जनता की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने धमतरी विधानसभा क्षेत्र एवं अन्य क्षेत्रों के विकास कार्यों के लिए विभिन्न मांगें भी सदन के पटल पर रखीं, ताकि क्षेत्र में आधारभूत संरचना, शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई, सड़क एवं रोजगार के क्षेत्र में ठोस प्रगति हो सके।

# सिर्री में अवैध मुरुम उत्खनन चेन माउंटेन मशीन सील

- शिकायत के एक दिन बाद खनिज विभाग ने की कार्रवाई, मिला नोटिस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिर्री



कुरूद विकासखंड अंतर्गत ग्राम सिर्री में अवैध रूप से मुरूम उत्खनन की शिकायत का मामला सामने आया है। काफी लंबे समय से सक्रिय मुरुम माफियाओं द्वारा किए जा रहे अवैध उत्खनन एवं परिवहन के खिलाफ ग्रामीण योगेन्द्र देवांगन ने अपर कलेक्टर एवं जिला खनन अधिकारी, एसडीएम कुरूद, तहसीलदार कुरूद, जनपद पंचायत कुरूद, पुलिस चौकी बिरेझर में शिकायत पत्र सौंपा। अधिकारियों ने इस मामले को गंभीरता से सुनते हुए 1 दिन के भीतर कार्रवाई का आश्वासन दिया और कहा कि जो भी मुरुम माफिया इस अवैध कार्य में संलिप्त पाए जाएंगे, उनके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

इस संबंध में ग्रामीण योगेन्द्र देवांगन ने कहा कि ग्राम सिर्री में लंबे समय से मुरुम माफिया खुलेआम अवैध उत्खनन कर रहे हैं। मुरुम माफिया शासन को राजस्व की हानि पहुंचा रहे हैं । पर्यावरण एवं सड़कों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि संभावित मिलीभगत एवं कमीशनखोरी की निष्पक्ष जांच की जाए और मुरुम माफियाओं के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जाए। खनिज निरीक्षक शिकायत के एक दिन बाद 26 फरवरी को शाम 4 बजे कार्रवाई करने सिर्री के मुरूम खनन स्थल पहुंचे। उन्होंने मौके पर पहुंचकर अवैध उत्खनन कर रहे एक चेन माउंटेन जेसीबी मशीन को सील कर दिया और 7 दिवस के भीतर मुरूम का उत्खनन और परिवहन के आवश्यक दस्तावेज के साथ कलेक्ट्रेट खनिज विभाग में उपस्थित होने का नोटिस मशीन में चिपकाया। इस कार्रवाई में और जानकारी लेने खनिज निरीक्षक धमतरी को फोन के माध्यम से संपर्क किया गया लेकिन संपर्क नहीं हो पाया। शिकायतकर्ता योगेंद्र देवांगन ने कहा है कि इस मामले की गंभीरता से जांच हो और इसमें संलिप्त सभी लोगों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई हो।

# हथबंद में आज से सत्संग समारोह

**जीजामगांव।** सदगुरु कबीर ब्रह्मचारी आश्रम हथबंद करगा एवं ग्रामवासियों के सहयोग से दो दिवसीय सत्संग समारोह का आयोजन 28 फरवरी एवं 1 मार्च को किया गया है। मुख्य प्रवक्ता सदगुरू कबीर विश्व शांति मिशन के पूर्व अध्यक्ष संत मुक्तिशरण साहेब सदगुरु कबीर विराजमान मुटाना आश्रम कोलियारी भखारा, वर्तमान अध्यक्ष संत रविकर साहेब रत्नाबांधा कबीर आश्रम धमतरी, संत हेमेंद्र साहेब कबीर आश्रम मंदरौद, साध्वी सुश्री प्रगति साहेब सदगुरु कबीर संस्कार आश्रम करगा एवं क्षेत्रीय संत तथा साध्वी होंगे। इस अवसर पर कुरूद विधायक अजय चंद्राकर, गौकरण साहू जिला पंचायत उपाध्यक्ष एवं अनुराग साहू जनपद सदस्य का आगमन होगा। कार्यक्रम प्रथम दिवस सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तथा दोपहर 3 बजे से संध्या 5 बजे तक होगा। द्वितीय दिवस सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक सत्संग गुरूपूजा आरती एवं भोजन भंडारा होगा। आयोजन की तैयारी में सदगुरु कबीर आश्रम सेवा समिति एवं साध्वी सेवती जुटे हुए हैं।

# उषा के उपचार के लिए 15.84 लाख स्वीकृत

- महापौर की अनुशंसा पर मुख्यमंत्री ने की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत



**धमतरी।** महापौर रामू रोहरा की अनुशंसा पर मुख्यमंत्री ने मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए धीवर समाज की महिला उषा हिरवानी के गंभीर उपचार हेतु 15 लाख 84 हजार रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की है। यह राशि मुख्यमंत्री विशेष सहायता कोष से प्रदान की गई है। महापौर ने प्रकरण की गंभीरता को समझते हुए व्यक्तिगत रुचि के साथ मुख्यमंत्री के समक्ष अनुशंसा पत्र प्रस्तुत किया था। मुख्यमंत्री द्वारा त्वरित संज्ञान लेते हुए सहायता स्वीकृत की गई, जो संवेदनशील और जवाबदेह शासन का उदाहरण है। स्वीकृति के बाद महापौर स्वयं उषा हिरवानी के निवास पहुंचे। परिवार से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना और भरोसा दिलाया कि नगर निगम व शासन हर जरूरतमंद के साथ खड़े हैं। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि के रूप में उनका दायित्व है कि धमतरी के किसी भी नागरिक को इलाज के अभाव में आर्थिक संकट न झेलना पड़े। उषा हिरवानी एवं उनके परिजनों ने मुख्यमंत्री और महापौर के प्रति आभार जताते हुए कहा कि इस सहयोग से उन्हें नई आशा और जीवन की राह मिली है। राज्य नोडल एजेंसी के पत्रानुसार यह सहायता गंभीर बीमारी के उपचार के लिए स्वीकृत की गई है।

# शासकीय सेवकों को मिलेगी कैशलेस चिकित्सा सुविधा

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा के प्रयास से राज्य के शासकीय अधिकारियों और कर्मचारियों को बड़ी राहत मिली है। लंबे समय से कर्मचारी वर्ग को इलाज के दौरान चिकित्सा व्यय स्वयं वहन करना पड़ता था तथा उपचार के बाद बिल जमा करने पर प्रतिपूर्ति प्राप्त होती थी। कर्मचारियों की इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए कमल वर्मा ने राज्य शासन से लगातार पत्राचार और प्रयास किए। उनके प्रयासों का परिणाम राज्य के बजट में दिखाई दिया, जिसमें शासकीय सेवकों के लिए कैशलेस चिकित्सा सुविधा प्रारंभ करने की घोषणा की गई है। नई योजना के तहत ई-हेल्थ कार्ड के माध्यम से कर्मचारी बिना अग्रिम भुगतान के उपचार प्राप्त कर सकेंगे। इसके लिए राज्य सरकार ने 100 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान किया है। इस सराहनीय पहल के लिए छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के जिला संयोजक चन्दूलाल चन्द्राकर, जिला संरक्षक मुकेश पाण्डेय, जिला महासचिव अमित महोबे, जिला सचिव राजकुमार सिन्हा, जिला कोषाध्यक्ष एनआर.टण्डन, आईटी सेल प्रभारी महेन्द्र कुमार साहू ने कमल वर्मा के प्रयास की प्रशंसा की है।

# सोम की रात होली दहन बुधवार को रंगोत्सव





- पं. शिवप्रसाद त्रिपाठी ने बताया शास्त्र सम्मत मुहूर्त

**धमतरी।** आचार्य पं. शिवप्रसाद त्रिपाठी ने फाल्गुन पूर्णिमा को होलिकादहन का शास्त्र सम्मत मुहूर्त बताया है। उन्होंने कहा है कि इस वर्ष स्नानदा एवं व्रत सहित फाल्गुनी पूर्णिमा 2 मार्च 2026 सोमवार को है। भद्रा सायं 5.18 बजे से रात्रि 4.56 बजे तक है। भद्रा पुच्छ 12.50 से रात्रि 2.29 बजे तक होली दहन का शास्त्र सम्मत शुभ मुहूर्त है। 3 मार्च को ग्रहण का सूतक प्रातःकाल 6.20 बजे लग जाएगा जिसका मोक्ष 6.47 बजे होगा। होली बसंतोत्सव धुलेंडी का पर्व 4 मार्च बुधवार को मनाना, होली की विभूति धारण करना, रविकांत महोत्सव मनाना शास्त्र सम्मत होगा।













